# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 329 | बिजौलिया - गुरुवार, 11 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## गहलोत के बयान के बाद पायलट का पलटवार: आंख में आंख डालकर देखो, सच-झूठ पता चल जाएगा

### करौली में शक्ति प्रदर्शन के बीच कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान फिर आई सतह पर, रमेश मीणा बोले- मानेसर प्रकरण के सबूत हमारे पास

**भीलवाड़ा फोकस @ करौली।**

राजस्थान कांग्रेस की लंबे समय से चली आ रही अंदरूनी सियासत एक बार फिर खुलकर सामने आ गई। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा हाल ही में मानेसर घटनाक्रम को लेकर दिए गए बयान के बाद कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने करौली में आयोजित किसान सम्मेलन के मंच से बिना नाम लिए तीखा पलटवार किया। पायलट ने कहा, 'आंख में आंख डालकर देखोगे तो पता चल जाएगा कि सच बोल रहा है या झूठ।' उनके इस बयान को सीधे तौर पर गहलोत की हालिया टिप्पणियों के जवाब के रूप में देखा जा रहा है।



स्वर्गीय राजेश पायलट की प्रतिमा अनावरण एवं किसान सम्मेलन में बड़ी संख्या में समर्थकों की मौजूदगी के बीच पायलट ने संकेतों में कहा कि उन्होंने हमेशा अपने साथ काम करने वाले नेताओं का सम्मान किया है। राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य हमेशा जनता की सेवा रहा है, न कि पद प्राप्त करना।

**रमेश मीणा का सीधा हमला, बोले- नार्को टेस्ट करवा लें**

सम्मेलन में पायलट खेमे के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री रमेश मीणा ने मंच से पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यदि मानेसर प्रकरण को लेकर लगाए गए आरोप सही हैं तो उनका और गहलोत दोनों का नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए। मीणा ने दावा किया कि उस दौर के कई राजनीतिक घटनाक्रमों से जुड़े तथ्य और सबूत उनके पास मौजूद हैं।उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से पार्टी की वर्तमान स्थिति का निष्पक्ष मूल्यांकन करने तथा मजबूत नेतृत्व को आगे लाने की मांग भी की। उनके बयान ने सम्मेलन को राजनीतिक रूप से और अधिक चर्चित बना दिया।

**किसानों के मुद्दों पर भी बोले पायलट**

पायलट ने अपने संबोधन में किसानों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि किसान की पहचान उसकी जाति या धर्म से नहीं, बल्कि उसकी मेहनत से होती है। समाज को जाति और धर्म के आधार पर बांटने की राजनीति प्रदेश और देश दोनों के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने पांचना बांध विवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार को सभी पक्षों को साथ बैठाकर संवाद के जरिए समाधान निकालना चाहिए।

**पिता राजेश पायलट को किया याद**

कार्यक्रम के दौरान पायलट अपने पिता स्वर्गीय राजेश पायलट को याद कर भावुक भी नजर आए। उन्होंने कहा कि राजेश पायलट ने अपना पूरा जीवन किसानों, युवाओं और आम लोगों के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित किया। उनकी प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि संघर्ष, साहस और जनसेवा की प्रेरणा का प्रतीक है।

## दर्शन के बहाने तिलस्वा बुलाया, होटल में दुष्कर्म , ब्लैकमेलिंग से परेशान महिला ने खोला राज

### पत्रकार से जुड़े बताए जा रहे होटल में पुलिस की दबिश, दुष्कर्म प्रकरण की जांच के दौरान कई पहलुओं की पड़ताल शुरू




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

थाना क्षेत्र के तिलस्वा गांव में सामने आए एक दुष्कर्म प्रकरण ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। करीब एक वर्ष तक चुप्पी साधे रखने के बाद एक 35 वर्षीय महिला ने पुलिस के समक्ष ऐसी आपबीती बयां की, जिसने न केवल पुलिस को सक्रिय कर दिया बल्कि क्षेत्र में भी चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। महिला का आरोप है कि उसे तिलस्वा महादेव दर्शन कराने के बहाने बुलाया गया और फिर एक होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इसके बाद आरोपी लगातार उसे ब्लैकमेल करता रहा और रुपए की मांग करता रहा।

मामला सामने आने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने संबंधित गेस्ट हाउस (होटल) में पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच प्रारंभ कर दी है। सूत्रों के अनुसार जिस होटल को लेकर मामला सामने आया है, वह एक पत्रकार से जुड़ी हुई है।

थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया कि क्षेत्र की पीड़िता मजदूरी का कार्य करती है। आरोपी युवक और महिला के घर आसपास होने के कारण दोनों के बीच पहले से परिचय और बातचीत थी। महिला ने रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि आरोपी ने विश्वास का फायदा उठाया और करीब एक वर्ष पूर्व उसे तिलस्वा महादेव दर्शन कराने के बहाने बुलाया । इसके बाद वह उसे एक होटल में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। महिला का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी ने उसे डराना-धमकाना शुरू कर दिया। आरोपी कथित रूप से लगातार उसे ब्लैकमेल करता रहा और उससे रुपए की मांग करता रहा। बदनामी के डर और सामाजिक दबाव के कारण महिला लंबे समय तक चुप रही, लेकिन जब आरोपी की मांगें बढ़ने लगीं और मानसिक प्रताड़ना असहनीय हो गई तो उसने पूरी घटना अपने पति को बताई। इसके बाद परिवार के साथ थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया।

पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद गेस्ट हाउस (होटल) पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। होटल के रिकॉर्ड, रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों की जांच शुरू की है। साथ ही मामले से जुड़े लोगों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान पुलिस होटल की गतिविधियों से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है। स्थानीय स्तर पर होटल को लेकर पहले भी विभिन्न प्रकार की चर्चाएं होती रही हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने से पहले किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा और सभी तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है।


थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आरोपी को हिरासत में लिया है । घटनास्थल का निरीक्षण किया जा चुका है और आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राजस्थान के खनिज अपशिष्ट में छिपा खजाना, निकेल-कोबाल्ट समेत कई क्रिटिकल मिनरल्स के मिले संकेत

### पिंक और ग्रीन मार्बल के डम्प्स में निकेल, कोबाल्ट, क्रोमियम व गैलियम के मिले संकेत, आईआईटी धनबाद कर रहा वैज्ञानिक अध्ययन

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान में खनिज अपशिष्ट (माइनिंग डम्प्स) अब देश की ऊर्जा और सामरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण संसाधन साबित हो सकते हैं। प्रदेश में पिंक मार्बल और ग्रीन मार्बल के अपशिष्ट ढेरों के वैज्ञानिक अध्ययन में निकेल, कोबाल्ट, क्रोमियम और गैलियम जैसे बहुमूल्य क्रिटिकल मिनरल्स की गुणवत्तापूर्ण मात्रा मिलने के सकारात्मक संकेत मिले हैं। इन खनिजों का उपयोग रक्षा, ग्रीन एनर्जी, एयरोस्पेस और एयरोनॉटिकल उद्योगों में किया जाता है। राज्य सरकार का मानना है कि इससे न केवल खनिज अपशिष्ट का उपयोग संभव होगा, बल्कि देश की ऊर्जा, आर्थिक और सामरिक सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर खान विभाग की इकाई आरएसएमईटी और आईआईटी आईएसएम धनबाद के बीच राजस्थान के खनिज डम्प्स के वैज्ञानिक अध्ययन को लेकर समझौता किया गया है। इसके तहत प्रदेश में वर्षों से अनुपयोगी पड़े विशाल खनिज डम्प्स में मौजूद क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स की पहचान कर उनके पुनर्चक्रण और व्यावसायिक उपयोग की संभावनाओं का अध्ययन किया जा रहा है। यह परियोजना देश में अपनी तरह का एक अभिनव प्रयास माना जा रहा है।



पायलट प्रोजेक्ट के तहत खान विभाग ने प्रदेशभर में 78 खनिज डम्प्स चिन्हित किए हैं और इनके 10-10 डम्प्स के क्लस्टर बनाए गए हैं। पहले चरण में उदयपुर और आसपास के क्षेत्र के 10 डम्प्स का अध्ययन किया गया, जिनमें पिंक मार्बल के 8 तथा ग्रीन मार्बल (सर्पेंटिनाइट) के 2 डम्प्स शामिल हैं। अध्ययन में इन डम्प्स में निकेल, कोबाल्ट, क्रोमियम और गैलियम की उल्लेखनीय मात्रा पाई गई है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार इन खनिजों की उपलब्धता पृथ्वी की सतह में सामान्य रूप से मिलने वाली मात्रा की तुलना में 25 से 40 गुना अधिक हो सकती है।

खान विभाग अब शेष 68 डम्प्स और टेलिंग्स का भी आईआईटी आईएसएम धनबाद के सहयोग से वैज्ञानिक मूल्यांकन करा रहा है। इस प्रक्रिया में जियो-रेफरेंस्ड डाटाबेस तैयार करना, मैपिंग, सैंपलिंग, खनिज विश्लेषण तथा उपलब्ध संसाधनों का आकलन शामिल है। अध्ययन के माध्यम से टंगस्टन, लिथियम, कोबाल्ट, निकेल और रेयर अर्थ एलिमेंट्स (आरईई) जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता का भी पता लगाया जाएगा।

प्रदेश के उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, सलूंबर, ऋषभदेव, अजमेर, ब्यावर, सावर, नागौर, सिरोही, जोधपुर, बालेसर, सोजत सिटी और जालौर सहित विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे खनिज डम्प्स की पहचान की जा चुकी है। हाल ही में अतिरिक्त मुख्य सचिव (खान एवं पेट्रोलियम) अपर्णा अरोड़ा से आईआईटी धनबाद के विशेषज्ञों ने मुलाकात कर इन डम्प्स में क्रिटिकल मिनरल्स की पर्याप्त उपलब्धता की संभावना जताई। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन के तहत देश में क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के अन्वेषण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी दिशा में राजस्थान ने खनिज अपशिष्ट से मूल्यवान खनिजों के दोहन की नई पहल शुरू की है। इसके साथ ही राज्य ने रेयर अर्थ और हेवी रेयर अर्थ मिनरल्स के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स में रेयर अर्थ एलिमेंट्स (आरईई) के भंडार मिले हैं, जिनके खनन ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया केंद्र सरकार द्वारा शुरू की जा चुकी है।

## रेलवे संसदीय समिति में सांसद अग्रवाल ने रखा 'मेवाड़ गौरव दर्शन टूरिस्ट सर्किट' का प्रस्ताव

### योगनगरी-उदयपुर एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाने की मांग, रेलवे की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का किया अवलोकन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

संयुक्त संसदीय रेलवे समिति (जॉइंट पार्लियामेंट कमेटी ऑन रेलवे) के नौ दिवसीय अध्ययन दौरे के दौरान आयोजित विशेष बैठक में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने रेलवे एवं पर्यटन विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे। ऋषिकेश-सिंगथली में आयोजित बैठक में सांसद अग्रवाल ने रेलवे अधिकारियों के समक्ष योगनगरी-उदयपुर एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन के बजाय प्रतिदिन संचालित करने की जोरदार मांग उठाई। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल ने आईआरसीटीसी के माध्यम से 'मेवाड़ गौरव दर्शन टूरिस्ट सर्किट' प्रारंभ करने का प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने कहा कि इस सर्किट के माध्यम से महाराणा प्रताप, पन्नाधाय, महाराणा कुंभा, पूंजा भील, मीराबाई एवं रानी पद्मिनी जैसी विभूतियों से जुड़े मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर को देशभर के पर्यटकों तक पहुंचाया जा सकेगा।



**चारधाम रेल परियोजना का किया निरीक्षण**

अध्ययन दौरे के दौरान सांसद अग्रवाल को प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी चारधाम रेल कनेक्टिविटी परियोजना के प्रथम चरण योगनगरी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना का अवलोकन करने का अवसर मिला। लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से बन रही 125 किलोमीटर लंबी इस परियोजना का कार्य तेजी से जारी है और इसके दिसंबर 2029 तक पूर्ण होने की संभावना है।




सांसद ने बताया कि परियोजना के तहत निर्मित 14.58 किलोमीटर लंबी टनल-8, जो भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंगों में शामिल है, का निरीक्षण करना रोमांचक और अविस्मरणीय अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में भारतीय इंजीनियरों द्वारा किया जा रहा कार्य देश की तकनीकी क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**सिक्किम रेलवे परियोजना की सराहना**

दौरे के दौरान सांसद अग्रवाल ने सिक्किम में निर्माणाधीन शिवोक-रंगपो नई रेल लाइन परियोजना का भी निरीक्षण किया। लगभग 15 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में भारतीय इंजीनियरों ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि 45 किलोमीटर लंबी इस रेल लाइन में 39 किलोमीटर हिस्सा 14 सुरंगों से होकर गुजरता है तथा 13 बड़े पुलों का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत एक रेलवे स्टेशन भी सुरंग के भीतर विकसित किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि यह परियोजना भारत में तेजी से हो रहे आधारभूत ढांचा विकास और आधुनिक इंजीनियरिंग का अद्भुत उदाहरण है।

## 24 घंटे में ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, हत्या का आरोपी गिरफ्तार

### मजदूरी के विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या, पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डल।**

थाना पुलिस ने ग्राम संतोकपुरा में हुई हत्या की वारदात का महज 24 घंटे में खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में अंकित पीटर उर्फ किटु (38) निवासी रतलाम (मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी रोहिताश यादव ने बताया की झाबुआ (मध्यप्रदेश) निवासी दीपक कुमार माहेश्वरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 जून की सुबह उन्हें सूचना मिली कि उनके साले हितेश उर्फ गोलू की तबीयत खराब है। सूचना मिलने पर वे परिजनों के साथ भीलवाड़ा पहुंचे, जहां जानकारी मिली कि हितेश का उसके साथ रहने वाले अंकित पीटर उर्फ किटु से मजदूरी को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने हितेश पर चाकू से हमला कर दिया।

घायल हितेश को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। हत्या की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मौके पर मोबाइल फॉरेंसिक टीम एवं विशेष अनुसंधान टीम को बुलाकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। तकनीकी विश्लेषण और सघन जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी अंकित पीटर उर्फ किटु को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में हत्या करना प्रमाणित होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अंकित पीटर उर्फ किटु पुत्र अशोक पीटर (38) निवासी 8/13 गांधीनगर, थाना औद्योगिक क्षेत्र, जिला रतलाम (मध्यप्रदेश) है। वर्तमान में वह माण्डल क्षेत्र के संतोकपुरा रोड स्थित एक किराए के मकान में रह रहा था।

हत्या के त्वरित खुलासे में थानाधिकारी रोहिताश यादव के नेतृत्व में गठित टीम के उपनिरीक्षक शरीफ मोहम्मद, कैलाश चंद्र तथा अन्य पुलिसकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस की तत्परता से वारदात के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# गोपाललाल गुर्जर बने अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेश सचिव



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

अखिल भारतीय गुर्जर महासभा (राजस्थान) के प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद धाभाई ने समाजसेवी गोपाललाल गुर्जर को महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी में आगामी तीन वर्षों के लिए प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। महासभा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में बताया गया कि समाज हित में किए गए कार्यों, संगठन के प्रति समर्पण एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। गोपाललाल गुर्जर की नियुक्ति पर क्षेत्र के समाजबंधुओं एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। महासभा पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा समाजहित के कार्यों को गति मिलेगी।

# वैदिक मंत्रों और जयकारों के बीच शिवशक्ति महायज्ञ का भव्य समापन

## स्वर्ण कलश का सहस्रधारा अभिषेक, भजन संध्या में गोकुल शर्मा और बबलू राजस्थानी ने बांधा समां





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ में सात दिनों तक चले शिवशक्ति महायज्ञ, स्वर्ण कलश प्रतिष्ठा एवं वार्षिक महोत्सव (पाटोत्सव) का बुधवार को श्रद्धा, आस्था और वैदिक अनुष्ठानों के बीच भव्य समापन हुआ। पूर्णाहुति, महाआरती और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुए इस धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। सप्तदिवसीय आयोजन के दौरान 11 लाख नवार्ण महामंत्र जप, शतचंडी दुर्गापाठ, सहस्त्रार्चन सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। अंतिम दिन 108 विद्वान आचार्यों ने एक स्वर में वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए मंदिर शिखर पर स्थापित स्वर्ण कलश का सहस्त्रधारा अभिषेक किया। वैदिक ऋचाओं और माता के जयकारों से पूरा शक्तिपीठ भक्तिमय वातावरण में डूब गया। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना की। वहीं श्री खेड़ापति हनुमानजी एवं श्री पवनपुत्र हनुमान मंदिर में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीरामचरितमानस पाठ का भी विधिवत समापन किया गया। अनुष्ठान का संचालन आचार्य मदन काट्या (बेगूं), उपाचार्य सांवरमल शर्मा (जोजवा) तथा ब्रह्मा अनिल कुमार शर्मा (चित्तौड़गढ़) के सानिध्य में हुआ। श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ वेद विद्यालय के आचार्यों और बटुकों के साथ मुनिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम वेद संस्थान, बरूंदनी से आए वैदिक विद्वानों ने अनुष्ठानों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

महायज्ञ के उपलक्ष्य में मंगलवार रात्रि रामलीला मैदान में आयोजित विशाल भजन संध्या श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। सुप्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा और बबलू राजस्थानी ने माता जोगणिया की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजन संध्या के दौरान पूरा पंडाल जयकारों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में बिजोलिया, बेगूं सहित आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ में हवन अनुष्ठान प्रारंभ

## 41 दंपत्तियों ने दी 51 हजार आहुतियां, प्रधान कुंड की बोली 11.51 लाख रुपये में छूटी



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारीक)।** निकटवर्ती होलीरड़ा गांव में आयोजित श्रीराम महायज्ञ के तहत बुधवार को वैदिक रीति-रिवाजों के साथ हवन एवं यज्ञ अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। यज्ञशाला में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और धार्मिक वातावरण में वैदिक मंत्रों की गूंज सुनाई दी।

यज्ञाचार्य पंडित गोपाललाल भट्ट के सान्निध्य में प्रातः 9:15 बजे स्थापित देवताओं का पूजन, मंडप पूजन, अरणी मंथन (अग्नि प्रकट), विप्रार्चन, अग्नि पूजन, स्थापित एवं आवाहित देवताओं के हवन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इस दौरान यज्ञशाला पर कलश एवं हनुमानजी के ध्वज की स्थापना भी विधि-विधान से की गई।

महायज्ञ में 41 दंपत्तियों ने सहभागिता करते हुए हवन कुंडों में आहुति अर्पित की। श्रद्धालुओं ने सभी देवी-देवताओं के निमित्त 51 हजार आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं लोककल्याण की कामना की।

आयोजकों ने बताया कि महायज्ञ के प्रधान कुंड की बोली 11 लाख 51 हजार रुपये में हरिशंकर-रामकरण जाट (लुवारिया) परिवार के नाम रही। मुख्य यजमान के रूप में उन्होंने विधिवत पूजन एवं हवन अनुष्ठान संपन्न कराया।

# उपचारात्मक शिक्षण से विद्यार्थियों को मिल रहा लाभ, जिला समन्वयक ने किया निरीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ की संस्कृत उन्नयन योजना के तहत राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय खजीना में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान संचालित उपचारात्मक शिक्षण कक्षाओं का विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है। इन विशेष कक्षाओं का संचालन हरिलाल जोशी द्वारा किया जा रहा है।



अध्यापक प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि बुधवार को जिला समन्वयक रविन्द्र कुमार शर्मा ने विद्यालय का औचक निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर कक्षाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर बताया गया कि विशेष शिक्षण कक्षाओं का मुख्य उद्देश्य अध्ययन में पिछड़े विद्यार्थियों को मुख्यधारा से जोड़ना तथा उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार लाना है।

संस्था प्रधान भवानीशंकर शर्मा ने सुप्रीम फाउंडेशन के मुख्य समन्वयक श्यामबाबू शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था द्वारा विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ भौतिक संसाधनों की उपलब्धता में भी निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में भीलवाड़ा एवं शाहपुरा जिलों के 15 विद्यालयों में फाउंडेशन के माध्यम से 24 अध्यापकों द्वारा उपचारात्मक शिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिससे 457 विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। सभी विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री भी सुप्रीम फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

विद्यालय में डिजिटल बोर्ड के माध्यम से भी कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। डिजिटल शिक्षा के जरिए विद्यार्थी खेल-खेल में सीख रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई में रुचि बढ़ रही है और वे बिना किसी बाधा के नियमित अध्ययन कर पा रहे हैं।

इस अवसर पर ग्रामवासियों एवं विद्यालय परिवार ने सुप्रीम फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी महावीर प्रसाद तापड़िया तथा मुख्य समन्वयक श्यामबाबू शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन में शिक्षा सेतु का यह अभियान निरंतर सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

# गंगापुर में खुशहाली और अच्छी वर्षा के लिए विशेष प्रार्थना ,पूजन कार्यक्रम

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**

मुख्यमंत्री कार्यालय और देवस्थान विभाग के निर्देशानुसार गंगापुर स्थित ओंकारेश्वर मंदिर (बिजली विभाग परिसर) में उपखण्ड स्तरीय विशेष वर्षा प्रार्थना एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में पर्याप्त वर्षा, कृषि समृद्धि, जनकल्याण तथा लोक मंगल की कामना करना था। कार्यक्रम में सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया , उपखण्ड अधिकारी विवेक गुर्जर, तहसीलदार वीरेन्द्रसिंह राठौड़ और विकास अधिकारी गजेन्द्र सिंह डाक्टर सतीश शर्मा



सहित समस्त ब्लॉकस्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

जनप्रतिनिधियों में भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अमित तिवाड़ी, प्रकाश पीछोलिया, मुरली मनोहर भट्ट, मोती लाल गहलोत, विजय लक्ष्मी जीनगर, दया सैनी और अन्य स्थानीय प्रबुद्धजन भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# नारी सशक्तिकरण से ही मजबूत होगा समाज और राष्ट्र : अशोक कोठारी

## नारी चौपाल एवं नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में महिलाओं को योजनाओं की दी जानकारी, लाभार्थियों को वितरित किए चेक





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

'12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' कार्यक्रम श्रृंखला के तहत बुधवार को नगर निगम टाउन हॉल में जिला प्रशासन तथा महिला अधिकारिता एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नारी चौपाल एवं नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं तथा सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि नारी शक्ति परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रमुख धुरी है। महिलाओं का सशक्तिकरण किसी भी विकसित समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ अंतिम पंक्ति की महिला तक पहुंचना आवश्यक है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक राजकुमारी खोरवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आंगनबाड़ी सेवाएं, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच एवं रेफरल सेवाओं सहित कई कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने महिलाओं से इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नागेंद्र कुमार तोलम्बिया ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र तथा महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र जैसी योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पीड़ित एवं जरूरतमंद महिलाओं को राहत, संरक्षण एवं परामर्श उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न केंद्र संचालित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत लाभार्थी हंसा धोबी एवं कृष्णा बंजारा को पांच-पांच हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए। वहीं मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कौशल्या माहेश्वरी को ढाई लाख रुपये का ऋण अनुदान स्वीकृत कर लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि आरती कोगटा, प्रशासनिक अधिकारी सत्यनारायण भांबी, प्रशासनिक अधिकारी अशोक चन्नाल, सज्जन सिंह भाटी, रोशन कुमार जीनगर, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, कार्यकर्ता, राजीविका समूहों से जुड़ी महिलाएं तथा बड़ी संख्या में महिला प्रतिभागी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई।

# ध्रुव चरित्र की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, नृसिंहद्वारा में उमड़ा आस्था का सैलाब

## स्वामी मुक्तानंद सरस्वती ने बताया भक्ति, समर्पण और दृढ़ संकल्प का महत्व



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री नृसिंहद्वारा मंदाकिनी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। नृसिंहद्वारा के महंत ब्रह्मलीन स्वामी रामदास महाराज की स्मृति में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में चित्रकूटधाम के संत स्वामी मुक्तानंद सरस्वती महाराज श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं।

कथा के दौरान स्वामी मुक्तानंद सरस्वती महाराज ने कपिल मुनि के अवतरण एवं भक्त ध्रुव के प्रेरणादायक जीवन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची भक्ति, अटूट विश्वास और दृढ़ संकल्प से असंभव लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि बालक ध्रुव ने विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान की आराधना नहीं छोड़ी और अपनी तपस्या के बल पर अमर पद प्राप्त किया।

कथावाचक ने श्रद्धालुओं से जीवन में ईश्वर के प्रति समर्पण, सेवा और भक्ति भाव बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि भक्ति ही मनुष्य को आत्मिक शांति और जीवन को सही दिशा प्रदान करती है।

कथा के बीच प्रस्तुत किए गए भक्ति गीतों और भजनों ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे तथा भगवान के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। भजन-कीर्तन और कथा श्रवण के बीच पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धा से सराबोर नजर आया।

आयोजन समिति के अनुसार श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 14 जून तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है। कथा में क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।



QUICK BITES

## 22 सूत्री मांगों को लेकर प्राचार्यों ने खोला मोर्चा

**रेसा के बैनर तले उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों के समाधान की मांग**

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।



**मूलचन्द पेसवानी**

शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लंबित मुद्दों के समाधान और प्राचार्यों की 22 सूत्री मांगों को लेकर राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद (रेसा) ने शाहपुरा में आवाज बुलंद की। परिषद के बैनर तले ब्लॉक शाहपुरा के प्राचार्यों एवं पीईईओ ने एकजुट होकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिक्षा अधिकारियों और प्राचार्यों ने कहा कि विद्यालयों के सुचारु संचालन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए लंबे समय से लंबित विभिन्न प्रशासनिक एवं सेवा संबंधी समस्याओं का समाधान आवश्यक है। परिषद द्वारा प्रस्तुत 22 सूत्री मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई किए जाने से शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और विद्यालयों में कार्यरत अधिकारियों का मनोबल भी बढ़ेगा।

प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी शाहपुरा को ज्ञापन सौंपकर राज्य सरकार तक उनकी मांगों को पहुंचाने तथा आवश्यक कार्रवाई करवाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की मजबूती के लिए प्राचार्यों और पीईईओ की व्यावहारिक समस्याओं का समाधान किया जाना समय की आवश्यकता है।

इस अवसर पर ईश्वर लाल मीणा, विष्णु कुमार वैष्णव एवं शंकर लाल जाट सहित ब्लॉक शाहपुरा के अनेक प्राचार्य उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में परिषद की 22 सूत्री मांगों का समर्थन करते हुए इनके शीघ्र निराकरण की अपेक्षा व्यक्त की।

प्राचार्यों ने उम्मीद जताई कि सरकार और प्रशासन उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेंगे, जिससे विद्यालयों के संचालन में आ रही कठिनाइयों का समाधान हो सके और शिक्षा की गुणवत्ता को नई गति मिल सके।

## विष्णु-लक्ष्मी महायज्ञ में गूंजे वैदिक मंत्र, रासलीला में कृष्ण जन्मोत्सव ने मोहा मन

**हनुमान टेकरी आश्रम में 11 कुण्डीय महायज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां, नंदोत्सव प्रसंग की हुई भव्य प्रस्तुति**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर छोटी हरणी स्थित हनुमान टेकरी आश्रम में महंत बनवारीशरण काठियाबाबा के सान्निध्य में आयोजित सप्त दिवसीय 11 कुण्डीय श्री विष्णु-लक्ष्मी महायज्ञ के तीसरे दिन यज्ञवेदी में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियों का क्रम जारी रहा। महायज्ञ में भाग लेने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आश्रम पहुंचे और विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

महायज्ञ के अंतर्गत प्रातःकालीन सत्र में श्री शारदा सनातन परमार्थ न्यास के वेदाचार्य पंडित मुकेश शास्त्री के निर्देशन में विधि-विधान से यज्ञ अनुष्ठान संपन्न हुए। यज्ञाचार्य ने बताया कि यजमानों को पंचगव्य प्राशन कराने के बाद यज्ञ मंडप में प्रवेश दिलाया गया। पवित्रीकरण, स्वस्तिवाचन एवं संकल्प के उपरांत भगवान गणपति, मंडप वास्तु, विभिन्न देवी-देवताओं तथा गौमाता का पूजन किया गया।

विशेष बात यह रही कि प्रत्येक यज्ञ वेदी पर यजमानों के साथ लक्ष्मी स्वरूपा कन्याओं ने भी आहुतियां देकर सर्वमंगल एवं विश्व शांति की कामना की। यज्ञ का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ 14 जून तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा।

**रासलीला में कृष्ण जन्म और नंदोत्सव की मनमोहक प्रस्तुति**

महायज्ञ के साथ आश्रम परिसर में श्री राधा रासेश्वरी रासलीला मंडल, श्रीवृंदावनधाम मथुरा द्वारा भक्तिपूर्ण रासलीला की प्रस्तुति भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मंगलवार रात्रि को महंत बनवारीशरण काठियाबाबा के सान्निध्य में आयोजित रासलीला में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म एवं नंदोत्सव प्रसंग का सजीव मंचन किया गया।

मंडल के निर्देशक दामोदरदास काठियाबाबा के निर्देशन में देवकी-वासुदेव का कारागार जीवन, भगवान कृष्ण का अवतरण, वासुदेव द्वारा नवजात कृष्ण को यमुना पार कर गोकुल पहुंचाना तथा नंदोत्सव के उल्लासपूर्ण दृश्य प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए गए। कलाकारों की भावपूर्ण अभिनय शैली ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मंडल के राजू स्वामी ने बताया कि रासलीला में भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जा रहा है। 16 कलाकारों की टीम द्वारा प्रस्तुत इस रासलीला में देवकी, यशोदा, राधा और गोपियों जैसे महिला पात्रों की भूमिका भी पुरुष कलाकार निभा रहे हैं।

रासलीला के शुभारंभ पर उमाशंकर पारीक, अनुभव जोशी, सांवरलाल जाट, आशा जाट, अमित अग्रवाल, अशोक मेलाना, रजनीश चपलोत, नितेश बांगड़, नीरज कुमार, दिलीप कुमार मेहता एवं वर्धमान आशीष बूलिया सहित कई श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी की आरती कर धर्मलाभ प्राप्त किया। रासलीला का मंचन प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से किया जा रहा है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष - भाजपाइयों ने देवदर्शन कर किया हनुमान चालीसा का पाठ

**12 वर्षों में वैश्विक पटल पर बढ़ा भारत का मान, हर वर्ग का हुआ कल्याण - बहेड़िया**

**21 जून तक मनाएंगे विकास, विश्वास और जनकल्याण का उत्सव - मेवाड़ा**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचन्द पेसवानी**



केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सफलतम, ऐतिहासिक एवं गौरवमयी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा मनाए जा रहे शिकास, विश्वास और जनकल्याणश् उत्सव के तहत बुधवार को जिलेभर के देवालयों में देव दर्शन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। ?जिला मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया के सान्निध्य में शहर के प्रसिद्ध टंकी के बालाजी मंदिर में देव दर्शन, विशेष पूजा-अर्चना और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन संपन्न हुआ। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु जीवन, उत्तम स्वास्थ्य और उनके सशक्त नेतृत्व में राष्ट्र के निरंतर विकास की मंगल कामना की।

इस अवसर पर पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 12 वर्षों में देश तेजी से विकसित श्रेणी की ओर अग्रसर हुआ है। केंद्र सरकार की अनगिनत जनकल्याणकारी योजनाओं से युवा, महिला, गरीब, किसान सहित समाज के हर वर्ग को सीधा लाभ पहुंचा है और उनके जीवन में खुशहाली आई है।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ केंद्र की मोदी सरकार ने वैश्विक पटल पर भारत को एक मजबूत और स्वाभिमानी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि इन 12 वर्षों की संपन्नता का जश्न पूरे भीलवाड़ा जिले में विकास, विश्वास और जनकल्याण के संदेश के साथ उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है।उत्सव के अंतर्गत आगामी 21 जून तक एक पेड़ मां के नामश् पौधरोपण अभियान, विशेष जनसंपर्क अभियान एवं मीडिया संवाद, जन कल्याण शिविर एवं विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों की प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशाला, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय एवं मंडल स्तरीय योग कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर कार्यक्रम जिला संयोजक कुलदीप शर्मा, जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, गोपाल तेली, विशाल गुरुजी, कल्पेश चैधरी, मंजू चेचाणी, अशोक तलाईच, सुरेंद्र सिंह मोटरास, आरती कोगटा, ललिता कंवर, लादूलाल जाट, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, अनिल सिंह जादौन, भूपेंद्र सिंह बिलिया, महावीर समदानी, महेंद्र नायक, मंजू पालीवाल, विजय पोखरना, ऋतुशेखर शर्मा, मुकेश सोनी, अर्पित समदानी, सावन दिया, यशोवर्धन सेन, जगदीश गुर्जर, पंकज प्रजापत, सीपी जोशी, आजाद शर्मा, रूपलाल जाट, शांतिलाल डाड, रामसिंह शक्तावत, ओम साईराम, मोहिनी माली, मधु शर्मा, रेखा पुरी सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति को मिला सम्मान, बेटी के जन्म पर गूंजा उत्सव का उल्लास

**मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर शाहपुरा में नारी चोपाल का आयोजन, योजनाओं की दी जानकारी**

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**

कहते हैं कि जब नारी सशक्त होती है तो परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति की राह स्वतः प्रशस्त हो जाती है। इसी सोच को साकार करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पंचायत समिति सभागार, शाहपुरा में नारी चैपाल एवं नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों, आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं की जानकारी को लेकर उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा उपस्थित रहे। उनके आगमन पर महिलाओं एवं बालिकाओं का सम्मान करते हुए नारी शक्ति वंदन किया गया। सभागार में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और महिला सशक्तिकरण के संकल्प को मजबूत किया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता और महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विभागीय अधिकारियों ने महिलाओं को बताया कि किस प्रकार विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर वे अपने परिवार और समाज के विकास में प्रभावी भूमिका निभा सकती हैं।

मुख्य अतिथि विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए कई ऐतिहासिक पहल की गई हैं। उन्होंने उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, मातृत्व वंदना योजना सहित महिला स्वावलंबन से जुड़ी अनेक योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने देश की करोड़ों महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।



उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें और परिवार के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षित और सशक्त महिला ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।

कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक और प्रेरणादायी क्षण तब आया जब बेटी जन्म उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवजात बालिका 'श्री' एवं उनकी माता सीमा बारेठ का सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। उपस्थित सभी लोगों ने बालिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का संदेश समाज तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

पूरा कार्यक्रम इस संदेश के साथ संपन्न हुआ कि जब बेटी का जन्म उत्सव बनेगा, जब महिलाओं को सम्मान और अवसर मिलेंगे, तभी सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र का सपना वास्तविकता में बदल सकेगा। पंचायत समिति सभागार में गूंजते सम्मान और विश्वास के स्वर यह संदेश दे रहे थे कि नारी केवल परिवार की शक्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति की सबसे मजबूत आधारशिला है।

# अहंकार छोड़ो, भगवान को पकड़ो... तभी जीवन की नैया होगी पार

**शिव महापुराण कथा में गूंजा भक्ति का संदेश, 'नारद मोह' और 'कुबेर चरित्र' ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचन्द पेसवानी**

'धन, पद और ज्ञान का अभिमान मनुष्य को पतन की ओर ले जाता है, लेकिन भगवान की भक्ति उसे मोक्ष के मार्ग पर पहुंचा देती है।' यही प्रेरणादायी संदेश श्रीशिव महापुराण कथा महोत्सव के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं को मिला, जब कथाव्यास प्रखर वक्ता डॉ. स्वामी निर्मल दास जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से पूरे पंडाल को शिवमय बना दिया। सनातन सेवा समिति, हरि सेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर एवं महामंडलेश्वर स्वामी श्री हंसराम जी उदासीन महाराज के सान्निध्य में आयोजित कथा में हजारों श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए।

**'नारद मोह' से मिला विनम्रता का संदेश**

कथा के दौरान स्वामी जी ने 'नारद मोह' का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि कठोर तपस्या और साधना के बल पर कामदेव को पराजित करने के बाद देवर्षि नारद के मन में सूक्ष्म अहंकार उत्पन्न हो गया। अपने परम भक्त का कल्याण करने के लिए भगवान विष्णु ने अपनी दिव्य माया का विस्तार किया और स्वयंवर की लीला रची। मोह के जाल में फंसने के बाद जब नारद जी को अपनी भूल का एहसास हुआ, तब उनका अभिमान समाप्त हो गया और उन्होंने प्रभु की शरण ग्रहण की।

स्वामी जी ने कहा कि यह प्रसंग हर व्यक्ति को सीख देता है कि ज्ञान, तप, पद और सामर्थ्य का अहंकार भी आध्यात्मिक पतन का कारण बन सकता है। भगवान अपने भक्तों को विनम्र बनाकर ही उनका वास्तविक कल्याण करते हैं।

**कुबेर की महानता धन में नहीं, शिवभक्ति में**

कथा में 'कुबेर चरित्र' का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने बताया कि कुबेर ने पूर्व जन्म में भगवान



शिव की अनन्य भक्ति और कठोर तपस्या की थी। उनकी निष्ठा और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें धन के अधिपति और देवताओं के कोषाध्यक्ष का पद प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि कुबेर की वास्तविक महानता उनके अथाह वैभव में नहीं, बल्कि उनकी अटूट शिवभक्ति में निहित है। सच्ची श्रद्धा और तप के बल पर साधारण व्यक्ति भी असाधारण ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। धन तभी सार्थक है जब उसका उपयोग धर्म, सेवा और लोककल्याण के कार्यों में किया जाए।

**'संपत्ति नहीं, परमात्मा को मांगो '**

महाभारत का प्रसंग सुनाते हुए स्वामी जी ने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन और दुर्योधन को विकल्प दिया, तब दुर्योधन ने विशाल सेना चुनी, जबकि अर्जुन ने स्वयं भगवान श्रीकृष्ण को चुना। यही मांगने की सच्ची कला है। यदि भगवान साथ हों तो सभी प्रकार की संपत्तियां और सफलताएं स्वतः प्राप्त हो जाती हैं तथा जीवन की नैया सहज ही पार लग जाती है।

**शिवलिंग पूजन और गुरु दीक्षा का बताया महत्व**



स्वामी जी ने पार्थिव शिवलिंग पूजन की महिमा बताते हुए कहा कि शास्त्रों में विभिन्न मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं विधिपूर्वक पूजन का विशेष विधान है। उन्होंने कहा कि धन, भूमि, वस्त्र और सुयोग्य संतान की प्राप्ति के लिए श्रद्धा एवं नियमपूर्वक भगवान शिव की आराधना अत्यंत फलदायी मानी गई है।

उन्होंने यह भी कहा कि शिवपुराण केवल कर्मकांड का ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को धर्ममय बनाने का मार्गदर्शक है। जिस प्रकार रास्ता भटकने पर किसी जानकार से मार्ग पूछा जाता है, उसी प्रकार आध्यात्मिक जीवन में गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक है। गुरु दीक्षा के साथ की गई साधना साधक को आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करती है।

**भजनों से शिवमय हुआ वातावरण**

कथा के समापन पर 'ब्रह्मा मुरारी सुरार्चित लिंगम्...' सहित अनेक स्तुतियों और भजनों का सामूहिक गायन हुआ। विशेष रूप से भजन 'पकड़ लो बाँह रघुराई, नहीं तो डूब जाएँगे...' ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इसकी पंक्तियों 'डगर ये अगमल अनजानी, पथिक मैं मूढ़ अज्ञानी' का भाव समझाते हुए स्वामी जी ने कहा कि जीवन की यात्रा कठिन है और प्रभु का सहारा ही मनुष्य को मोह, अहंकार और विकारों से बचा सकता है।

भजन के दौरान श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे और पूरा पंडाल '? नमः शिवाय' तथा 'जय भोले' के जयघोष से गुंजायमान हो गया।

**यज्ञ, रुद्राभिषेक और भव्य गंगा आरती का आयोजन**

कथा के उपरांत श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आरती में भाग लेकर पूजन-अर्चन किया तथा प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व प्रातःकालीन श्री विष्णु यज्ञ में कैलाश चंद्र, कन्हैया मोरयानी, हरीश-निशा आडवाणी, राजा-वर्षा टिक्यानी, रमेश मूंदड़ा एवं हनुमान प्रसाद अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालुओं ने विश्व शांति एवं जनकल्याण की कामना से आहुतियां अर्पित कीं और महादेव का रुद्राभिषेक किया।

आश्रम के संत मायाराम जी एवं संत गोविंदराम जी ने बताया कि प्रतिदिन सायंकाल काशी की तर्ज पर भव्य गंगा आरती, दुर्गा सप्तशती पाठ और अखंड रामधुन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से पुरुषोत्तम मास में आयोजित इन धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागी बनकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आह्वान किया।

# मोदी सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने पर घाटी के हनुमान जी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**



**परमेश्वर** – प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विकास, सुशासन एवं जनकल्याण को समर्पित सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उपखंड मुख्यालय बनेड़ा स्थित प्राचीन घाटी के हनुमान जी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र की उन्नति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना करते हुए विधिवत पूजा-अर्चना की।
इस अवसर पर आयोजित सभा में मोदी सरकार के 12 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों, जनहितकारी योजनाओं एवं राष्ट्र निर्माण में हुए अभूतपूर्व कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हितैषी योजनाओं, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत तथा आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हुए कार्यों ने देश की दिशा और दशा दोनों को बदलने का कार्य किया है।
शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि मोदी सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को अपना मूल मंत्र बनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। आज भारत विश्व मंच पर सशक्त नेतृत्व के रूप में उभर रहा है और विकसित भारत का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्रहित एवं जनसेवा के कार्यों में समर्पित भाव से जुटकर विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।
कार्यक्रम में बनेड़ा मंडल अध्यक्ष अशोक चेचाणी, रायला मंडल अध्यक्ष परमेश्वर पारीक, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीलाल सोनी, सरपंच डाबला प्रद्युमन सिंह, उपसरपंच बनेड़ा देवीलाल माली, भाजपा मंडल महामंत्री राजमल माली, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रामेश्वर लाल बैरवा, भैरु लाल लक्षकार, भाजपा नेता कमलेश भंडारी, कैलाश माली, यासीन छिपा, भाजपा पूर्व मंडल महामंत्री शंकर कुमावत, विनोद व्यास, जिला परिषद सदस्य शंकरलाल कुड़ी, परमेश्वर दमामी भाजपा मिडिया सह संयोजक विधानसभा शाहपुरा -बनेड़ा, युवा नेता महिम सुवालका, मोहन जाट, जीवनलाल बेरवा, चांदमल पारीक, शौकत खान, बाबूलाल माली, ईश्वर सिंह उपरेड़ा, सांवरमल गुर्जर , गोपाल गुर्जर राक्षी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही उपखंड अधिकारी बाबूलाल, अधिशासी अधिकारी प्रकाशचंद, विकास अधिकारी गणेश नारायण तथा तहसीलदार सत्यनारायण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक भी मौजूद रहे।

# भक्तमाल कथा में गूंजा सूरदास जी महाराज का जीवन संदेश

## भक्ति, समर्पण और प्रेम की महिमा का किया वर्णन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**




**(रोशन)।** बरूदनी कस्बे के रामद्वारे में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय भक्तमाल कथा के द्वितीय दिवस पर कथा वाचक पूज्य अजब रामजी महाराज ने भक्त शिरोमणि संत सूरदास महाराज के जीवन चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने सूरदास जी की निष्काम भक्ति, प्रभु के प्रति समर्पण और उनके काव्य साहित्य की महत्ता पर प्रकाश डाला।
कथा वाचक ने बताया कि संत सूरदास ने अपने मधुर पदों और भक्ति भाव से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अद्भुत चित्रण किया, जो आज भी भक्तों को भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति का आधार प्रेम, समर्पण और प्रभु के प्रति अटूट विश्वास है तथा सूरदास जी का संपूर्ण जीवन इसी भावना का श्रेष्ठ उदाहरण रहा।
कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर रहे और प्रभु के जयकारों से रामद्वारा परिसर गूंज उठा। द्वितीय दिवस के यजमान रतनलाल आशावा रहे, जिन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। इस अवसर पर भवरलाल ब्राह्मण भट्ट (खटवाड़ा) ने भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी। उनके द्वारा प्रस्तुत लोकप्रिय भजन 'मेरे लाडले गजानंद' पर महिला एवं पुरुष श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे तथा भक्ति भाव से नृत्य करते हुए कथा का आनंद लिया। कथा में अनिल आशावा, मनीष आशावा, रामेश्वर गट्टाणी, कैलाश मुंदड़ा, सतीश पंचोली, राजेंद्र लढ़ा, रामराय लढ़ा, प्रहलाद सोमानी सहित गांव के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रेवेन्यू बार रूम में वाटर कूलर व एलईडी टीवी का लोकार्पण

## अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और आमजन को मिलेगी सुविधा, जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक रहे मौजूद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिला कलेक्ट्री परिसर स्थित रेवेन्यू बार रूम में बुधवार को वाटर कूलर एवं एलईडी टीवी का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक सागर राणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन, लायंस क्लब के निर्वाचित प्रांतपाल डॉ. निशांत जैन तथा जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ ने फीता काटकर लोकार्पण किया।
जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ ने बताया कि रेवेन्यू बार रूम के लिए वाटर कूलर लायंस क्लब के निर्वाचित प्रांतपाल डॉ. निशांत जैन, अधिवक्ता पवन पवार, भामाशाह जे.के. बागड़ोदिया, ललित सांखला एवं मंजू पोखरणा के सहयोग से भेंट किया गया। वहीं एलईडी टीवी अधिवक्ता अटल बिहारी वैष्णव द्वारा उपलब्ध कराई गई।
कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत, तिलक एवं माल्यार्पण से हुई। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्याऊ, वाटर कूलर एवं एलईडी टीवी का लोकार्पण किया गया। राठौड़ ने कहा कि वाटर कूलर स्थापित होने से कलेक्ट्री परिसर में कार्यरत अधिवक्ताओं, कर्मचारियों तथा आमजन को शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।
इस अवसर पर उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह सचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली, मनोनीत सदस्य पंकज पंचोली, राघवेन्द्रनाथ व्यास, ओमप्रकाश तेली, वंदना आमेटा, पीरूसिंह गौड़, आनंद शर्मा सहित जिला अभिभाषक संस्था की विभिन्न समितियों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति वंदन चौपाल में महिलाओं की समस्याओं का मौके पर निस्तारण

## प्रशासनिक अधिकारियों ने सुनीं परिवेदनाएं, विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

उपखंड क्षेत्र के सलावटिया ग्राम में उपखंड अधिकारी के निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में महिलाओं की समस्याएं सुनकर प्राप्त परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।
कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपनी समस्याएं एवं मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनका संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा त्वरित समाधान किया गया। अधिकारियों ने महिलाओं को सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।
चौपाल में तहसीलदार ललित डीडवाना, विकास अधिकारी अशेष शर्मा, उप प्रशासक वीरेंद्र धाकड़, ग्राम विकास अधिकारी सचिन कुमार सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# छोटे बच्चों के लिए मोबाइल की आदत हानिकारक - डॉ. नागर



**भीलवाड़ा फोकस @गंगापुर**

सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस की कथा में गुरुदेव डॉक्टर पंडित मिथिलेश नागर द्वारा बताया गया कि वर्तमान परिपेक्ष में छोटे बच्चों को मोबाइल की जो आदत लगी है वह शरीर के लिए एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है ।मोबाइल के उपयोग के लिए बताया कि जो हम हेलो बोलते हैं वह टेलीफोन के आविष्कार की पत्नी का नाम है और हम सुबह उठते से ही उसी का नाम लेते हैं तो क्यों ना हम फोन पर बात करते समय शुरुआत में अपने इष्ट देव का नाम लेकर बात की शुरुआत करें । नारद अवतार से यही शिक्षा मिलती है कि जिस प्रकार नारद जी कुछ भी बात शुरू करने से पूर्व नारायण नारायण बोलते थे इस प्रकार हमें भी कोई भी बात शुरू करने से पूर्व भगवान का नाम स्मरण करना चाहिए इसके बाद सैकड़ो लोगों ने हेलो ना बोलने का संकल्प लिया ।गांव बस्ती हमारी माता है उसे अगर हम गंदा करेंगे तो हमारी बस्ती माता जिसमें हम रहते हैं वह रुष्ट होकर हमें श्राप देगी इसलिए हमें अपने निवास क्षेत्र बस्ती को स्वच्छ रखना चाहिए । जिससे बस्ती माता की कृपा हम सभी पर हो सके । साथ ही आसपास के क्षेत्र से गुजरात महाराष्ट्र से भी भक्तजन पधार करके कथा श्रवण कर रहे है।

QUICK BITES

# सहाड़ा में 'नारी चौपाल नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**



महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में बुधवार को पंचायत समिति सभागार सहाड़ा में 'बारह साल विश्वास के, विकास के जनकल्याण के' थीम पर 'नारी चौपाल नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना में आयोजित इस बैठक में क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।
?कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी विवेक गुर्जर , तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह राठौड़, विकास अधिकारी गजेन्द्र सिंह, अति. ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहाड़ा अक्षयराज झाला,
डॉ सतीश शर्मा,महिला पर्यवेक्षक उमा श्रोत्रिय और महिला अधिकारिता विभाग सुपरवाइजर ऊषा बैरवा सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधिगणो में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमित तिवारी, भगवती लाल स्वर्णकार, जमनेश खटीक, विजयलक्ष्मी जीनगर भी मौजूद रहीं। इस चौपाल में ब्लॉक क्षेत्र की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम साथिनों और स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, महिला सशक्तिकरण और विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा अग्रिम कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# सुख-समृद्धि, जनकल्याण एवं लोकमंगल की कामना के लिए सर्वेश्वर महादेव मंदिर में किया विशेष अभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**



राज्य सरकार के निर्देश से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, जनकल्याण एवं लोकमंगल की कामना को लेकर श्रीचारभुजा मंदिर परिसर स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर में विशेष वर्षा पूजन एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उपखंड अधिकारी तानिया रिणवा के निर्देशन में संपन्न हुआ जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं समाज के प्रबुद्धजनों ने भाग लेकर भगवान शिव का अभिषेक किया तथा क्षेत्र में उत्तम वर्षा, खुशहाली एवं विकास की कामना की। कार्यक्रम के दौरान भगवान सर्वेश्वर महादेव का पण्डित विष्णु शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दुग्ध, जल एवं पंचामृत से अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र में शांति, समृद्धि, अच्छी वर्षा तथा जनकल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने देश की निरंतर प्रगति, सामाजिक समरसता एवं आमजन के कल्याण की भी कामना की। उपखंड अधिकारी तानिया रिणवा ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराएं समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव एवं एकता को मजबूत करती हैं। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने के साथ-साथ लोककल्याण की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, उपखण्ड के प्रशासनिक अधिकारी पारस गोधा, ब्लॉक कॉर्डिनेटर शान्ति लाल पोखरना, मन की बात मण्डल संयोजक अनिल तिवाड़ी, महामंत्री राघव आचार्य, पंचायत समिति सदस्य राजकुमार तेली, धर्मचंद जीनगर, लक्ष्मीलाल जीनगर, लालचंद टेलर, अमित चेचाणी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव के जयघोष के साथ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, किसानों की समृद्धि तथा आमजन के सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम श्रद्धा, आस्था एवं धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# महिला सशक्तीकरण से ही परिवार की सुदृढ़ता सम्भवः मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सेन

## शहर में टंकी के बालाजी पर होगा हनुमान चालीसा का पाठ

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**



**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कोटड़ी ब्लॉक में विकास एवं जनकल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर महिलाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान, आत्मनिर्भरता एवं सम्मान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनका लाभ लेकर महिलाएं आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। वही उपखण्ड अधिकारी तानिया रिणवा ने अपने संबोधन में विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण किसी भी समाज के विकास की आधारशिला है और सरकार इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य धर्मचंद जीनगर, भोजपुर सरपंच शंकर गुर्जर एवं राजीविका कार्मिक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोशी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रकाश गाडरी, ब्लॉक परियोजना प्रबंधक मुकेश कुमार, क्लस्टर मैनेजर ललिता रजक, एआरपी भूपेन्द्र सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग (आईसीडीएस) के कार्मिकों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजीविका से जुड़ी लगभग 100 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं को स्वरोजगार, आजीविका संवर्धन, बचत, वित्तीय सशक्तिकरण, महिला अधिकार, पोषण, स्वास्थ्य एवं बाल विकास से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण अभियान, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा आंगनबाड़ी सेवाओं के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस दौरान विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।